Ayra

# आयरा लेखक पालिसी

**संस्करण 4.0**

**प्रभावी दिनांक: 12/4/2024**

Ayra

**1. हमारे बारे में -**

आयरा टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड एक बैंगलोर बेस्ड स्टार्टअप है जिसे 2023 में स्थापित किया गया है। हमारा मिशन एक ऐसे Social प्लेटफ़ॉर्म - Ayra को बनाना है, जो लेखकों और पाठकों को अच्छे और समृद्ध कंटेंट के माध्यम से नजदीक ला सके। विशेष तौर पर हम स्थानीय भाषाओं में कंटेट को बढ़ावा देने पर भी जोर दे रहे हैं ताकि विविध संस्कृतियों को संरक्षित किया जा सके।

2. **Ayra प्लेटफ़ॉर्म**

Ayra एक डिजिटल प्रकाशन प्लेटफ़ॉर्म है, जिसे डिजाइन करने का मुख्य उद्देश्य पाठकों को उनकी पसंदीदा भाषा में पढ़ने के लिए शानदार कंटेंट उपलब्ध कराना है। इसके अतिरिक्त Ayra अंग्रेजी के अलावा क्षेत्रीय भाषाओं में स्थानीय कंटेंट क्रिएशन पर जोर देता है जो इसे और प्लेटफॉर्म्स से अलग बनाता है। Ayra रेवेन्यू शेयरिंग माडल पर काम करता है जहां लेखकों को उनके आर्टिकल से प्राप्त रेवेन्यू का एक हिस्सा दिया जाता है।

**3. कंटेंट गाइडलाइन्स**

एक लेखक के रूप में आप Ayra पर अलग अलग विषयों पर आर्टिकल, कविताएं आदि लिख सकते हैं। उदाहरण के लिए लेखक टेक्नोलॉजी, आटोमोबाइल से लेकर, कुकिंग, व्यक्तिगत अनुभव, संबंध, स्वास्थ्य और फाइनेंस जैसे किसी भी विषय पर कंटेट लिख सकते हैं।

**4. अस्वीकार्य आर्टिकल**

Ayra का उद्देश्य पाठकों और लेखकों के लिए एक सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल का निर्माण करना है इसलिए हम धर्म और राजनीति से संबंधित नफ़रत या भेदभाव फैलाने वाले अथवा यौन कंटेंट को स्वीकार नहीं करते हैं।
हमारी नीति का उल्लंघन करने वाले किसी भी आर्टिकल को Ayra से हटा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यदि किसी आर्टिकल में गलत सूचना प्रसारित की जाएगी अथवा उसका प्रयास किया गया है तो ऐसी स्थिति में आर्टिकल हटा दिया जाएगा और अगर एक बार के बाद लेखक दोबारा ऐसे आर्टिकल लिखता है तो उसे हमारे प्लेटफ़ॉर्म से निलंबित कर दिया जाएगा।

**5. आर्टिकल की भाषाएँ**

वर्तमान में, हम अंग्रेजी, हिंदी, और कन्नड़ में आर्टिकल स्वीकार कर रहे हैं। आने वाले दिनों में अन्य भारतीय भाषाओं में भी आर्टिकल स्वीकार करेंगे।

**6. आर्टिकल की लंबाई**

शब्द सीमा के संबंध में हमारा लेखकों को सुझाव है कि आर्टिकल में 800 शब्द रखें जिससे पाठकों तक उच्च गुणवत्ता का कंटेंट पहुंच सके। हालांकि, हम न्यूनतम 150 शब्दों के छोटे आर्टिकल भी स्वीकार करते हैं। अगर कोई लेखक/कवि कविता लिखता है तो उसके लिए शब्दों की सीमा का कोई नियम नहीं है, 10 शब्दों में भी कविता लिखी जा सकती है।

**7. शार्ट फार्म कंटेंट**

150 शब्दों से कम पोस्ट्स को शार्ट फार्म कंटेंट माना जाता है। ये पोस्ट्स होम पेज, फीड, या सूचनाओं पर नहीं दिखाई जाएंगी, उन्हें सिर्फ Search किया जा सकता है। लेखक उन्हें सीधे पब्लिश कर सकते हैं, जोकि पाठकों को Topic के द्वारा Search करने पर दिखाई जाएंगी।

**8. लेखकों की आय**

आमतौर पर, Ayra पर लेखकों को उनके आर्टिकल से प्राप्त हुए रेवेन्यू का एक हिस्सा मिलता हैं, जो वर्तमान में 35% निर्धारित है (आगे परिवर्तन भी हो सकता है)। इसके अलावा, हम आर्टिकल की परफार्मेंस के आधार पर अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दे रहे हैं, फिलहाल अभी यह प्रोत्साहन राशि 9 अप्रैल, 2024, से 8 जुलाई, 2024, के बीच प्रकाशित और पढ़े गए आर्टिकल्स के लिए है। भविष्य में यह अवधि बढ़ाई भी जा सकती है।

हम मात्रा से ज्यादा गुणवत्ता पर फोकस कर रहे हैं इसलिए प्रोत्साहन राशि का भुगतान आपके पोस्ट पर पाठकों ने कितना समय बिताया है (औसत टाइम एंगेजमेंट X पाठकों की संख्या) के आधार पर कर रहे हैं। हमारा अनुमान है अच्छी क्वालिटी का कंटेंट लिखने वाले लेखक कम पाठकों के साथ भी अच्छा कमा सकते हैं। प्रोत्साहन राशि का भुगतान तभी किया जाएगा जब हर स्लैब के लिए पाठकों की संख्या और एंगेजमेंट टाइम के सभी मानदंड पूरे हों।

**उदाहरण: 1.** अगर एक छोटी कविता प्रकाशित की गई जिसे 300 पाठकों ने 100 मिनट एंगेजमेंट तक पढ़ा है, तो इसके लिए 100 रुपए प्रोत्साहन राशि के तौर पर दिए जाएंगे।

**उदाहरण: 2.** एक रोचक आर्टिकल जिसे 150 पाठकों ने कुल 250 मिनट एंगेजमेंट के साथ पढ़ा है, इसके लिए प्रोत्साहन राशि के तौर पर 200 रुपए का भुगतान किया जाएगा।

| अद्वितीय पाठकों | टोटल एंगेजमेंट टाइम **(मिनट)** | प्रोत्साहन राशि **(रुपया)** | **कुल भुगतान (रुपया)** |
|---|---|---|---|
| 75 | 100 | रु 100 | रु 100 |
| 150 | 200 | अतिरिक्त रु 100 | रु 200 |
| 375 | 550 | अतिरिक्त रु 300 | रु 500 |
| 750 | 1200 | अतिरिक्त रु 500 | रु 1000 |
| 1500 | 2500 | अतिरिक्त रु 1000 | रु 2000 |
| 2500 | 4000 | अतिरिक्त रु Rs 1000 | रु 3000 |

**नोट:** प्रोत्साहन और प्रोत्साहन की अवधि भविष्य में बदली जा सकती हैं, फिलहाल वर्तमान में भुगतान के समय उपरोक्त पालिसी ही लागू होगी। इसके अलावा, हमारी पालिसी का उल्लंघन करने वाले किसी भी लेखक या आर्टिकल को प्रोत्साहन के लिए पात्र नहीं माना जाएगा। इसके अतिरिक्त, किसी भी लेख को यदि चैटजीपीटी जैसे एआई उपकरणों का उपयोग करके जेनरेट किया जाता है, तो उसे प्रोत्साहन के लिए पात्र नहीं माना जाएगा। पाठकों की संख्या को गूगल एनालिटिक्स या ऐसे ही दूसरे टूल्स की मदद से हिसाब लगाया जाता है। कोई भी लेखक जो अपने आर्टिकल पर टाइम एंगेजमेंट को बढ़ाने के लिए क्लिक फार्म, बॉट्स, या बाहरी टूल का उपयोग करता है, वह किसी भी प्रोत्साहन भुगतान के लिए पात्र नहीं होगा, इसके अतिरिक्त ऐसी स्थिति में उसे Ayra से स्थायी रूप से प्रतिबंधित भी किया जा सकता है।

**9. वेरीफाईईड लेखक / ब्लू टिक**

ऐसे लेखक जिनकी कोई पुस्तक प्रकाशित हो (10 हजार +प्रतियां),
संपादक, रिपोर्टर और प्रमुख राष्ट्रीय या क्षेत्रीय अखबारों के पत्रकार, साथ ही कला और साहित्य के लिए राष्ट्रीय और राज्य से सम्मानित लोग, संबंधित जानकारी देकर Ayra से मुफ्त में वेरीफाइड ब्लू टिक प्राप्त कर सकते हैं। वेरीफाइड ब्लू टिक से लेखकों को ज्यादा रैंकिंग व ज्यादा आय कमाने में मदद मिलती है।

**10. भुगतान चक्र और न्यूनतम भुगतान**

Ayra लेखकों को भुगतान के आसान विकल्प प्रदान करता है। आप मासिक या तिमाही भुगतान का विकल्प चुन सकते हैं, हां बस भुगतान की न्यूनतम सीमा Rs 500 है। 500 से कम आय आपके Ayra खाते में जमा रहेगी। फिलहाल यह नियम भविष्य में बदली सकते हैं।

**11. भुगतान के तरीके**

हमारा भुगतान का डिफ़ॉल्ट मोड ऑनलाइन है, लेखक UPI , IMPS या NEFT के माध्यम से भुगतान प्राप्त कर सकते हैं । यदि आप चेक द्वारा भुगतान प्राप्त करना चाहते हैं, तो कृपया ध्यान दें कि आपकी कमाई कम से कम रु 5000 होनी चाहिए।

**12. पहचान और जिम्मेदारी**

भारतीय कर नियमों का पालन करने के लिए, हमें आपसे भुगतान हेतु आपके आधार और पैन कार्ड की डिटेल्स की आवश्यकता होती है। हालांकि हम आपको यह भरोसा दिलाते हैं कि आपकी संवेदनशील जानकारी का इस्तेमाल अत्यंत गोपनीय रहेगा।

Ayra से हुई आय पर सभी कर दायित्वों के लिए लेखक स्वयं जिम्मेदार होते हैं और उन्हें उसकी रिपोर्ट और कर भुगतान करना होगा। हम सभी भुगतानों की सटीक रिपोर्ट भारतीय कर अधिकारियों को करेंगे।

**13. आर्टिकल्स को अनपब्लिस करना/ हटाना**

अगर एक बार कोई आर्टिकल Ayra पर पब्लिश हो जाता है, और लेखक को इसका इंसेंटिव भी मिल गया है तो इसे तब तक हटाया या अनपब्लिस नहीं किया जा सकता जब तक यह हमारी पालिसी के खिलाफ न हो। क्योंकि हमारी पालिसी लेखकों और पाठकों के बीच गुणवत्ता और निरंतरता बनाए रखने में मदद करती है। हालांकि ऐसे आर्टिकल जिनके लिए Ayra ने कोई भुगतान नहीं किया है लेखक अगर चाहे तो अपनी स्वेच्छा से उन्हें हटा सकते हैं।

**14. कंटेंट की ज़िम्मेदारी**

Ayra पर एक लेखक के रूप में, आप जो कंटेट बना रहे हैं, पब्लिश कर रहे इसकी पूरी जिम्मेदारी आपकी है। आर्टिकल की मौलिकता (Uniqueness), कापीराइट नियमों का सम्मान करना और Ayra की गाइडलाइंस को फालो करना लेखक की जिम्मेदारी के रूप में आता है। Ayra केवल लेखक को अपने आर्टिकल शेयर करने के लिए एक मंच प्रदान करता है लेकिन पब्लिश कंटेंट के लिए कोई व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेने का दावा नहीं करता है।